# आवासीय कार्यक्रम में देशभर के उच्च शिक्षा संस्थानों के सदस्यों ने लिया भाग

जागरण संवाददाता, रांची : इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट (आइआइएम) रांची ने भविष्य के नेतृत्व को पोषित करने वाले कार्यक्रम के 7वें बैच का समापन किया। केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय के मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत आयोजित पांच दिवसीय आवासीय कार्यक्रम में देशभर के उच्च शिक्षण संस्थानों के 45 संकाय सदस्यों ने भाग लिया। आइआइएम रांची के निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव के साथ-साथ कार्यक्रम निदेशक प्रो. मनीष बंसल (अध्यक्ष, कार्यकारी शिक्षा एवं परामर्श) और प्रो. कुशागरा शरण भी उपस्थित रहे। प्रो. बंसल और प्रो. शरण ने कार्यक्रम के चार मुख्य स्तंभों पारिस्थितिकी तंत्र निर्माण, गहन विषय ज्ञान, सक्रिय योगदान और क्षमता मूल्यांकन पर चर्चा की। इन सिद्धांतों को अपने



आइआइएम रांची में आयोजित कार्यक्रम में शामिल निदेशक व अन्य • सौ. स्वयं

**आइआइएम रांची में भविष्य के नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए आयोजित कार्यक्रम के 7वें बैच का किया गया समापन**

शिक्षण, अनुसंधान और संस्थागत भूमिकाओं में आत्मसात करने का आग्रह किया।

निदेशक ने कहा कि नेतृत्व और प्रबंधन शिक्षा एक विशाल और विकासशील क्षेत्र है, लेकिन कार्यक्रम का केंद्रित डिजाइन और गहन दृष्टिकोण प्रतिभागियों को सार्थक अंतर्दृष्टि प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को स्व-प्रबंधन, संचार, टीम वर्क, पेशेवर कौशल, आलोचनात्मक सोच और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक सहित प्रमुख नेतृत्व दक्षता का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों के सम्मान के साथ हुआ, जिन्हें प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

Dainik Jagran_13.01.2026_P. 4